**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 13.09.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- मणिपुर और मिजोरम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकास और शांति का संदेश—मिजोरम को पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली रेल लाइन का उद्घाटन।
- यू पी आई पर व्यक्ति से व्यापारी लेन—देन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रूपये प्रतिदिन की गई।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सत्रह सितम्बर से स्वस्थ नारी—सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की जाएगी।
- इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र ने उन्नत भारत अभियान के तहत फरारगंज में वोकल फॉर लोकल कार्यशाला का आयोजन किर्य।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिजोरम और मणिपुर के अपने दौरे के दौरान दोनों राज्यों में आज विकास योजनाओं की शुरुआत की और शांति की अपील की। उन्होंने मणिपुर के सभी संगठनों से अपील की है कि वे शांति के मार्ग पर चलकर अपने सपनों को साकार करें और बच्चों का भविष्य सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि मणिपुर की भूमि आशा और उम्मीद की भूमि है और वे हर कदम पर मणिपुर के लोगों के साथ हैं। प्रधानमंत्री ने मणिपुर के चूडाचांदपुर में सात हजार तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की उन्नीस विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं से राज्य में बुनियादी ढांचा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा।

इसके साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी ने मिजोरम के आइजोल में नौ हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया। इनमें बैराबी–सैरांग नई रेललाइन शामिल है, जो मिजोरम को पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ रही है। इस अवसर पर प्रधान मंत्री ने कहा कि मिजोरम अब देश के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है और 'एक्ट ईस्ट नीति' और 'पूर्वोत्तर आर्थिक गलियारा' से राज्य का तेजी से विकास होगा। प्रधानमंत्री ने मिजोरम में युवाओं के लिए खेल और सशक्तिकरण योजनाओं की भी घोषणा की।

<><><><><><><>

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। आज, हम कर–मुक्त वस्तुओं के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस–यूपीआई पर व्यक्ति–से–व्यापारी लेनदेन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रुपये प्रतिदिन कर दी है। यह बदलाव पन्द्रह सितंबर से लागू होगा। खरीदारी के लिए बड़े डिजिटल भुगतानों को आसान और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। परन्तु व्यक्ति–से–व्यक्ति हस्तांतरण के लिए सीमा एक लाख रुपये प्रतिदिन बनी हुई है।

<><><><><><><>

युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि विकसित भारत के युवा संवाद नेता, युवा–नेतृत्व वाले लोकतंत्र का एक सच्चा उदाहरण हैं, जो दृष्टि को आवाज में और आवाज को प्रभाव में बदल देता है। नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग दो हजार छब्बीस में श्री मांडविया ने बताया कि आज से शुरू हुई क्विज प्रतियोगिता अगले महीने की पन्द्रह तारीख को समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता माय भारत

पोर्टल पर उपलब्ध है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह मंच विकसित भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने में युवाओं की प्रतिभा और क्षमताओं के उपयोग के लिए तैयार किया गया है।

<><><><><><><>

देश के अन्य राज्यों के साथ द्वीपों में भी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, तक चलने वाले इस अभियान में महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस अभियान के तहत, पूरे द्वीपसमूह में विशेष स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन किए जाएंगे, जिनमें विशेषज्ञ परामर्श, स्वास्थ्य जांच और व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता सत्र शामिल होंगे। इसके अलावा, पोषण और स्वस्थ प्रणाली पर आईईसी सामग्री प्रदर्शित की जाएगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जनता से अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीकरण कराने और निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। इस अभियान के तहत, सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण माह भी मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र ने सेंट अल्बर्ट कॉलेज, केरल के सहयोग से उन्नत भारत अभियान के तहत फरारगंज खंड के महिलाओं और पुरुषों के लिए हाल ही में 'वोकल फॉर लोकल' कार्यशाला का आयोजन किया। उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत इग्नू क्षेत्रीय केंद्र ने बदमाश पहाड़, छोलदारी और पोर्ट मोट नामक तीन गाँवों को गोद लिया है। कार्यक्रम में बेरोजगार महिलाओं, युवाओं और अन्य लोगों सहित 65 ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान आवश्यक स्वच्छता सामग्री तैयार करने पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. डॉ. सुनील जैकब और सहायक क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. उदय कुमार ने अपने संबोधन में यूबीए योजना के तहत द्वीपसमूह में विकसित गाँवों के लक्ष्य को साकार करने में इग्नू के प्रयासों पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह से अंडर–17 बॉयज़ स्कूल फुटबॉल टीम का अट्ठारह सदस्यीय टीम नई दिल्ली में होने वाले चौंसठवें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट –दो हजार पच्चीस में भाग लेने के लिए कल सुबह नौ बजकर पैंतीस मिनट पर रवाना होगी। इस सिलसिले में आज एक विशेष सम्मान समारोह में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, व्यक्तिगत रूप से टीम से बातचीत की और उन्हें शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने खिलाड़ियों से खुद पर विश्वास रखने, एकजुट रहने और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आग्रह किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल, खेल निदेशक विक्रम सिंह, प्रमुख आदिवासी नेताओं और सुब्रतो कप फुटबॉल के पूर्व खिलाड़ियों सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया। इस टीम में  सोलह खिलाड़ियों सहित टीम मैनेजर एन. मोहम्मद सलीम और टीम कोच मोहम्मद सादिक शामिल हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कबड्डी संघ राज्य ओलंपिक संघ के सहयोग से राज्य ओपन कबड्डी चैंपियनशिप–2025 का आयोजन करेगी। श्री विजयपुरम में पुरुष एवं महिला सीनियर वर्ग के लिए बीस और इक्कीस सितंबर को कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजित किया जाएगा। इच्छुक टीमे उन्नीस सितंबर तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक संघ, में अपने नाम दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>